RAJASTHAN PATRIKA, Ahmedabad, 11.11.2024
Page No. 4, Size:(20.23)cms X (8.00)cms.

मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर गुजरात में 20 में से 12 नदी पर पुल बनाए

वापी और सूरत के बीच सभी 9 नदियों पर पुलों का निर्माण कार्य पूरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. वडोदरा. मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए वापी और सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच सभी 9 नदी पुलों का निर्माण पूरा किया गया है। इसके साथ ही गुजरात में 20 में से 12 नदी पुल बनाए गए हैं।

बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर पुल का निर्माण कार्य हाल ही पूरा किया जा चुका हैं। इसके साथ ही कॉरिडोर के लिए वापी और सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच सभी 9 नदी पुलों का निर्माण किया जा चुका है। खरेरा नदी पर पुल गुजरात में 20 नदी पुलों में से पूरा किया गया 12वां नदी पुल हैं।



गुजरात में बने 12 नदी पुल : वापी और सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच -खरेरा (नवसारी जिला), पार (वलसाड जिला), पूर्णा (नवसारी जिला), मिंढोला (नवसारी जिला), अंबिका (नवसारी जिला), औरंगा (वलसाड जिला), कोलक नदी (वलसाड जिला), कावेरी नदी (नवसारी जिला) और वेंगानिया (नवसारी जिला) सहित 9 नदी पुल बने हैं।

अन्य नदी पुल : ढाढर (वडोदरा जिला), मोहर (खेड़ा जिला), वात्रक (खेड़ा जिला) सहित 3 और गुजरात में कुल 12 नदी पुल बने हैं।

खरेरा नदी पर पुल की मुख्य विशेषताएं

पुल की लंबाई 120 मीटर

इसमें 3 फुल स्पैन गर्डर (प्रत्येक 40 मीटर) हैं।

पियर्स की ऊंचाई : 14.5 मीटर से 19 मीटर।

इसमें 4 मीटर का 1 गोलाकार पियर और 5 मीटर व्यास के तीन 3 गोलाकार पियर हैं।

यह पुल वापी और बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच में है। इन दो स्टेशन के बीच में कोलक, पार, औरंगा और कावेरी नदी पर पुल बनाए जा चुके हैं।

यह नदी अंबिका नदी की सहायक (ट्रिब्यूटरी) नदी में से एक है, जो गुजरात के साथ महाराष्ट्र राज्य के सीमा क्षेत्र में वांसदा तहसील की पहाड़ियों से निकलती है। खरेरा नदी वापी बुलेट ट्रेन स्टेशन से लगभग 45 किलोमीटर और बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन से 6 किलोमीटर की दूरी पर है।